भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 359 | बिजौलिया - गुरुवार, 16 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## पंचायत-निकाय चुनाव में देरी पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार और चुनाव आयोग को फटकार

## कहा- सक्षम नहीं हैं तो जिम्मेदारी छोड़ें, अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और ओबीसी आयोग के सदस्य सचिव को किया तलब

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**




राजस्थान में पंचायत और निकाय चुनाव निर्धारित समय सीमा में नहीं कराए जाने को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस.पी. शर्मा एवं न्यायमूर्ति संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव कराने में सक्षम नहीं है तो हाईकोर्ट स्वयं किसी सक्षम अधिकारी को नियुक्त कर चुनाव कराने पर विचार कर सकता है। अदालत ने सरकार को चेताते हुए कहा कि उसे कठोर आदेश जारी करने के लिए मजबूर न किया जाए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग और ओबीसी आयोग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर नाराजगी जताई। खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि संबंधित संस्थाओं के अधिकारी अपने दायित्व निभाने में सक्षम नहीं हैं तो उन्हें हटाकर योग्य व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। अदालत ने न्यायालय के पूर्व आदेशों की पालना नहीं होने पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह तथा ओबीसी आयोग के सदस्य सचिव को गुरुवार को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने अदालत को बताया कि पंचायत और निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को संवैधानिक प्रतिनिधित्व देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार अदालत के आदेशों की अवहेलना नहीं कर रही है, लेकिन ओबीसी आयोग की रिपोर्ट लंबित होने के कारण आरक्षण का अंतिम वर्गीकरण नहीं हो सका है। सरकार ने अदालत को बताया कि आयोग ने 14 अगस्त तक रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया है, इसलिए चुनाव की समय-सीमा बढ़ाने का अंतिम अवसर दिया जाए।


इस पर याचिकाकर्ता एवं पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की ओर से अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने अदालत का ध्यान 22 मई के आदेश की ओर दिलाते हुए कहा कि हाईकोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि यदि निर्धारित समय तक ओबीसी आयोग की रिपोर्ट नहीं आती है तो उसके इंतजार में चुनाव नहीं रोके जा सकते। इसके बावजूद सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग रिपोर्ट का बहाना बनाकर चुनाव टाल रहे हैं, जो न्यायालय की अवमानना के समान है।

दूसरे याचिकाकर्ता गिर्राज सिंह देवंदा की ओर से अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा ने दलील दी कि सरकार का चुनाव स्थगित करने संबंधी आवेदन ही विधिसम्मत नहीं है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 243(क) का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव समय पर कराना राज्य निर्वाचन आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है और आयोग इस दायित्व के निर्वहन में पूरी तरह विफल रहा है। इस पर अदालत ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से व्यक्तिगत स्पष्टीकरण तलब किया।गौरतलब है कि हाईकोर्ट पहले राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग को 15 अप्रैल तक पंचायत और निकाय चुनाव कराने का निर्देश दे चुका था। बाद में सरकार की मांग पर अदालत ने समय बढ़ाकर 31 जुलाई तक हर हाल में चुनाव कराने के आदेश दिए थे। साथ ही ओबीसी आयोग को 20 जून तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं होने और चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने पर अदालत ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाया।

## कलयुगी बेटे-बहू पर बुजुर्ग पिता का आरोप, मारपीट कर छीनी जमीन-मकान, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**



भीलवाड़ा में पिता-पुत्र के रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जिले की कोटड़ी तहसील के पारोली निवासी 77 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने ही कलयुगी बेटे और बहू पर मारपीट, प्रताड़ना और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। अत्याचारों से परेशान बुजुर्ग ने बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित उदयलाल खाती ने बताया कि उसका पुत्र देवकिशन सुथार और पुत्रवधू सदू देवी आए दिन उसके साथ मारपीट करते हैं। उनका आरोप है कि पूर्व में बेटे द्वारा की गई बेरहमी से पिटाई के कारण उनकी दाहिनी आंख की रोशनी पूरी तरह चली गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले आरोपी ने अपने दादा हीरालाल के सिर पर डंडे से हमला किया था, जिसके कुछ समय बाद उनकी मृत्यु हो गई।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी बेटे ने जबरन उनका मकान, जमीन और आरा मशीन अपने कब्जे में ले ली तथा उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। इतना ही नहीं, पेंशन या मजदूरी के जो पैसे उन्हें मिलते हैं, बेटा उन्हें भी छीन लेता है। विरोध करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जाती है। बीच-बचाव करने पर पोते घनश्याम को भी प्रताड़ित किया जाता है।

पीड़ित बुजुर्ग का आरोप है कि पारोली थाने में उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जान-माल की सुरक्षा उपलब्ध कराने और आरोपी बेटे-बहू के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## भू-माफियाओं ने हड़पा पुश्तैनी मकान, कोर्ट के आदेश पर दर्ज केस में भी पुलिस पर एफआर लगाने का आरोप, पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**




भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर बुधवार को पुश्तैनी जमीन और मकान पर कब्जे के विरोध में एक पीड़ित परिवार ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद परिवार ने भू-माफियाओं एवं कोटड़ी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सागर राणा को ज्ञापन सौंपा। पीड़ित परिवार का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि न्यायालय के आदेश पर कोटड़ी पुलिस ने दबाव में प्रकरण तो दर्ज किया मगर उस पर भी एफआर लगा दी।पीड़ित जमनालाल ने बताया कि जावल गांव में उनकी पुश्तैनी जमीन और मकान है, जिसका उपयोग उनके पूर्वजों के समय से उनका परिवार करता आ रहा है। मजदूरी के लिए वह परिवार सहित भीलवाड़ा आ गए थे, जबकि उनकी माता काली देवी गांव स्थित मकान में रहती थीं। माता के निधन के बाद गांव के ही शैतान गुर्जर, सांवर गुर्जर और राधेश्याम गुर्जर पर मकान का ताला तोड़कर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने मकान में रखा गेहूं, खाद्य सामग्री, बर्तन और अन्य घरेलू सामान भी चोरी कर लिया। इस संबंध में उन्होंने कई बार कोटड़ी थाने में शिकायत दी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जब पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं करी तो उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोटड़ी पुलिस ने दबाव में प्रकरण तो दर्ज किया पर आरोपियों से साठगांठ कर उस पर भी एफआर लगा दी।

पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उन्हें उनकी पुश्तैनी जमीन और मकान का कब्जा दिलाया जाए तथा आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## सीआई गजेंद्र सिंह राठौड़ ने संभाली कोटड़ी थाने की कमान



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण।**

**दिनेश पारीक।** भीलवाड़ा पुलिस महकमे में हुए तबादलों के बाद बुधवार को सीआई गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कोटड़ी थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने से पहले वे कोटड़ी के चारभुजा मंदिर पहुंचे, जहां कोटड़ी श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका ऊपरना ओढ़ाकर एवं चारभुजा नाथ की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राकेश काबरा, पंकज छापरवाल, ओमप्रकाश पालीवाल, पंडित विष्णु कुमार, अशोक राव सहित अन्य मौजूद रहे।

इसके बाद थाना पहुंचकर सीआई राठौड़ ने स्टाफ के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध की स्थिति और लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही क्षेत्रवासियों से पुलिस का सहयोग करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की।

## भीलवाड़ा बाइपास हाईवे पर देर रात तक चला विशेष अभियान: 8 लग्जरी बसों की जांच, 1 बस सीज, 4 के चालान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

यात्रियों की सुरक्षित एवं नियमसम्मत यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशन में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा भीलवाड़ा बाइपास हाईवेपर विशेष संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान देर रात तक लगातार जारी रहा, जिसके दौरान लग्जरी एवं स्लीपर बसों की सघन जांच कर सुरक्षा मानकों की पड़ताल की गई।

संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान कुल 8 लग्जरी बसों का निरीक्षणकिया। जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर एक बस को सीज किया गया, जबकि विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पर चार बसों के विरुद्ध कुल ?54,200 के चालान बनाए गए।

कार्रवाई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य के निर्देशन में की गई। इस दौरान परिवहन निरीक्षक मनीष कुमार, कैलाश कंवर शक्तावत, यातायात पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान बसों की फिटनेस, परमिट, बीमा, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, प्राथमिक उपचार किट, दस्तावेजों एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई। एक बस में गंभीर नियम उल्लंघन पाए जाने पर उसे तत्काल सीज कर दिया गया। वहीं चार अन्य बसों में विभिन्न कमियां मिलने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

जांच में जिन बसों के दस्तावेज एवं सुरक्षा मानक सही पाए गए, उन्हें मौके पर ही यात्रियों सहित उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं सीज की गई बस के यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित बस ऑपरेटर को तत्काल वैकल्पिक



बस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। ऑपरेटर द्वारा दूसरी बस की व्यवस्था किए जाने के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

अधिकारियों ने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत भीलवाड़ा बाइपास हाईवे सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों पर बिना पूर्व सूचना के नियमित जांच की जाएगी, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और परिवहन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं अनुशासित बनाया जा सके।

## धोला भाटा चौराहे पर दो बाइकों की भिड़ंत, युवक गंभीर घायल

### लगातार हादसों से ग्रामीणों में रोष, स्पीड ब्रेकर की मांग फिर उठी

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



**(रोशन )।** कस्बे के निकट धोला भाटा चौराहे पर बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद महात्मा गांधी चिकित्सालय, भीलवाड़ा रेफर किया।

घायल की पहचान ओड़पुरिया निवासी पप्पू ओड़ के रूप में हुई है, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने एक बार फिर चौराहे पर सड़क सुरक्षा उपायों की मांग उठाई। उनका कहना है कि धोला भाटा चौराहा चार प्रमुख मार्गों का जंक्शन होने के कारण यहां दिनभर भारी यातायात रहता है और तेज रफ्तार वाहनों के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्पीड ब्रेकर और अन्य सुरक्षा इंतजामों की मांग कई बार संबंधित विभाग के समक्ष रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने प्रशासन से चौराहे पर शीघ्र स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक और अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं करने की मांग की है, ताकि भविष्य में हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# 13 सूत्रीय मांगों को लेकर निजी स्कूल संचालकों का कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन, 10 दिन में समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

जिला कलेक्ट्रेट के बाहर बुधवार को निजी स्कूल संचालकों ने जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। संचालकों ने आरटीई के लंबित भुगतान, निरीक्षण व्यवस्था में सुधार और प्रशासनिक प्रताड़ना बंद करने की मांग उठाई। इससे पहले जिलेभर के निजी स्कूलों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर मांगें नहीं मानी गईं तो राज्यव्यापी उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

भीलवाड़ा जिला निजी स्कूल संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापत ने बताया कि गैर-सरकारी (निजी) विद्यालयों के साथ की जा रही दमनकारी नीतियों, प्रशासनिक प्रताड़ना और राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत लंबित भुगतान के विरोध में जिले के सभी निजी स्कूल पूरी तरह बंद रहे। आंदोलन के तहत मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया।

उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा विभाग और राज्य सरकार गैर-सरकारी शिक्षण संस्थानों के प्रति अपना दमनकारी रवैया तुरंत बंद नहीं करती और लंबित समस्याओं का समाधान नहीं करती, तो प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट में आ सकती है। इसलिए सरकार को जल्द से जल्द निजी स्कूलों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर बड़लियास में सांकेतिक धरना, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को बड़लियास उपतहसील परिसर में ग्रामीणों ने सांकेतिक धरना दिया और जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र परिवारों को आवास स्वीकृत करने एवं लंबित किस्त जारी करने, अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने, पात्र परिवारों को आवासीय पट्टे देने, राजकीय विद्यालयों, उपतहसील कार्यालय और चिकित्सालयों में रिक्त पद भरने, भवानीपुरा, कीरो की झोपड़िया एवं धाकड़ों की झोपड़ियों में सीसी सड़क निर्माण कराने, ग्राम पंचायतों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित से जुड़ी इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने की अपील की।

# डीजे की धुन पर भक्ति गीतों के साथ निकली दौलपुरा बालाजी की विशाल पदयात्रा



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

पंडेर स्थित प्रसिद्ध श्री दौलपुरा बालाजी धाम की आठवीं विशाल पदयात्रा बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। पदयात्रा में महिला, पुरुष और बच्चे भक्ति गीतों पर झूमते हुए तथा पुष्पवर्षा के बीच बालाजी के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। यात्रा में तीन डीजे वाहन भी साथ रहे, जिन पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रबंध समिति ने सुरक्षा, चिकित्सा, भोजन और मार्ग व्यवस्था सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया तथा जलपान, शरबत और फल वितरित किए गए। पदयात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लेकर बालाजी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

# 48 घंटे में 50 लाख की चोरी का खुलासा, बागरिया गैंग का शातिर गिरफ्तार

**शास्त्रीनगर में दिनदहाड़े हुई वारदात का पर्दाफाश, बाइक और ताला तोड़ने का औजार जब्त, गिरोह के अन्य साथियों की तलाश जारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के शास्त्रीनगर क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई करीब 50 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने महज 48 घंटे में खुलासा कर दिया है। कोतवाली थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में बागरिया गैंग के शातिर बदमाश मदन उर्फ राकेश उर्फ फोरिया (21) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और ताला तोड़ने में इस्तेमाल की गई टॉमी (लोहे का औजार) भी जब्त कर ली है। गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

थानाधिकारी हनुमान सिंह चौधरी ने बताया की 13 जुलाई को शास्त्रीनगर निवासी हरीश मुलचंदानी परिवार सहित अस्पताल गए हुए थे। शाम करीब 5 बजे लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच में 332 ग्राम सोने के आभूषण, 100 ग्राम चांदी के आभूषण और 3.70 लाख रुपये नकद चोरी होना सामने आया। कुल चोरी की कीमत करीब 50 लाख रुपये आंकी गई। वारदात को चुनौती मानते हुए पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साइबर सेल की तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। फिलहाल चोरी गया माल बरामद किया जाना बाकी है तथा अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी और उसके साथी पहले पॉश कॉलोनियों में घूमकर रेकी करते थे। जिन मकानों पर बाहर से ताला लगा मिलता, उन्हें निशाना बनाकर लोहे की टॉमी से ताला तोड़ते और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते थे।

पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और ताला तोड़ने का औजार बरामद कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# एमजी अस्पताल में प्रसूता मौत मामलाः परिजनों ने मेडिकल स्टाफ पर एफआईआर की करी मांग, कार्रवाई नहीं हुई तो कलेक्ट्रेट पर अनशन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**



जिले के सबसे बड़े अस्पताल महात्मा गांधी अस्पताल के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में प्रसूता की मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। मृतका के परिजनों ने बुधवार को भीमगंज थाना पुलिस को लिखित शिकायत देकर अस्पताल के चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन अनशन किया जाएगा।

पीड़ित जितेन्द्र कुमार जीनगर ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि वह पोटला गांव का निवासी है। उसकी पत्नी संगीता जीनगर को 9 जुलाई 2026 को प्रसव के लिए महात्मा गांधी अस्पताल के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि भर्ती के बाद पूरे दिन तक प्रसूता की समुचित देखभाल नहीं की गई और परिजनों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा।

जितेन्द्र का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद जन्मी नवजात बच्ची को आवश्यक ऑब्जर्वेशन में रखने के बजाय परिजनों के हवाले कर दिया गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और बाद में उसे उदयपुर रेफर करना पड़ा। वहीं प्रसूता की हालत भी लगातार बिगड़ती गई। अत्यधिक रक्तस्राव होने के बावजूद समय पर प्रभावी उपचार नहीं मिला। बाद में चिकित्सकों ने बच्चेदानी निकालने का निर्णय लिया, लेकिन इसके बावजूद संगीता की जान नहीं बचाई जा सकी।

परिजनों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती होने से पहले संगीता पूरी तरह सामान्य थी और स्वयं चलकर वार्ड तक गई थी। उनका आरोप है कि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण यह दुखद घटना हुई। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे।

# जिला कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों से किया संवाद, दिए कैरियर सफलता के मंत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के मेधावी विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें कैरियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और सफलता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने प्रशासनिक सेवाओं, उच्च शिक्षा, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और विभिन्न कैरियर विकल्पों से जुड़े प्रश्न पूछे। जिला कलेक्टर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित अध्ययन, अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से ही लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप कैरियर चुनने तथा कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर प्रयास करते रहने की सीख दी। साथ ही भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार रखने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी प्रमोद सीरवी, जिला परिषद एसीईओ मधुसूदन रत्नू ने भी विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र तोलंबिया, मेधावी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार पर एसीबी का सख्त संदेशः स्थापना दिवस पर शिकायतकर्ताओं का किया सम्मान

**भ्रष्टाचार के खिलाफ बेखौफ करें शिकायत, हर शिकायत पर होगी प्राथमिकता से कारवाही - पारसमल पंवार**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राजस्थान के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भीलवाड़ा एसीबी प्रथम की ओर से विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में एसीबी यूनिट कार्यालय में 'संवाद एवं सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने वाले परिवादियों का सम्मान किया गया तथा आमजन को एसीबी के टोल-फ्री और व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और शिकायत प्रक्रिया को सरल बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई। भीलवाड़ा एसीबी प्रथम के पुलिस उपाधीक्षक पारसमल ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आम नागरिकों और एसीबी के पूर्व परिवादियों को आमंत्रित कर उनसे संवाद किया गया तथा उनका सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि 12 से 18 जुलाई तक जन-जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत यूआईटी, डीटीओ कार्यालय, विभिन्न सरकारी कार्यालयों, खान विभाग तथा शाहपुरा कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाया गया।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई लोक सेवक रिश्वत मांगता है या भ्रष्टाचार में लिप्त है, तो उसकी शिकायत एसीबी के व्हाट्सएप हेल्पलाइन, टोल-फ्री नंबर या सीधे एसीबी कार्यालय में आकर दर्ज कराएं। शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ राजस्थान सरकार और एसीबी की 'जीरो टॉलरेंस' नीति है, इसलिए किसी भी भ्रष्ट लोक सेवक के खिलाफ शिकायत करने में भय या संकोच नहीं करें। एसीबी हमेशा आमजन के साथ खड़ी है।

बैठक के दौरान राजेश कुमार आर्चाय (उपनिरीक्षक), रामपाल तेली (सहायक उपनिरीक्षक),खालिद हुसैन (हेड कांस्टेबल),गजेंद्र सिंह (हेड कांस्टेबल)

# फैक्ट्री में मजदूर की संदिग्ध मौत, मुआवजे पर बनी सहमति के बाद समाप्त हुआ विरोध

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अजमेर रोड स्थित बालेसरिया ग्राम पंचायत क्षेत्र के नानकपुरा स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और मजदूरों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर धरना देकर मुआवजे और न्याय की मांग की। देर शाम प्रशासन, कंपनी प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता के बाद समझौता होने पर धरना समाप्त कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान लादू लाल बेरवा (निवासी दुहला) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह फैक्ट्री के गोदाम में कार्य कर रहा था। इसी दौरान वह गोदाम की छत की चद्दर के नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और मजदूर मौके पर एकत्र हो गए तथा एनएच-48 पर धरने पर बैठकर मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और न्याय दिलाने की मांग करने लगे। इस दौरान शाहपुरा विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रेगर भी मौके पर पहुंचे और वार्ता में शामिल हुए।

**12.50 लाख का मुआवजा, बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएगा प्रबंधन**

प्रशासन की मौजूदगी में हुई वार्ता के बाद फैक्ट्री प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच सहमति बनी। समझौते के अनुसार मृतक के परिजनों को ?12.50 लाख का चेक दिया गया। इसके अलावा परिवार को प्रतिवर्ष ?40 हजार की आर्थिक सहायता देने तथा मृतक के दोनों बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च प्रबंधन द्वारा वहन करने पर भी सहमति बनी।



समझौते के बाद ग्रामीणों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया और राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य हो गया। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



QUICK BITES

## महिला इंटक की राष्ट्रीय सचिव सुमन मठसिंहला का स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



महिला इंटक की राष्ट्रीय सचिव एवं भीलवाड़ा महिला कांग्रेस प्रभारी सुमन मठसिंहला के भीलवाड़ा आगमन पर जिला इंटक की ओर से गांधी मजदूर सेवालय में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस और इंटक के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर जिला इंटक अध्यक्ष दीपक व्यास, प्रदेश सचिव प्रीति शर्मा, ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व जिला प्रमुख सुशीला सालवी, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा हिरण तथा महिला जिला इंटक अध्यक्ष ममता शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, महिला श्रमिकों के अधिकारों और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। समारोह में एडवोकेट ममता मेघवंशी, कार्यालय सचिव सत्यनारायण सेन, वरिष्ठ नेता रफीक मोहम्मद, भैरूलाल पारीक सहित इंटक एवं महिला कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाथद्वारा सराय के झूलेलाल मंदिर में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया ज्येष्ठ मास चंद्र उत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**



**मूलचन्द पेसवानी**

बुधवार सायंकाल शहर के नाथद्वारा सराय स्थित पूज्य हेमराज मल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर में सिंधी समाज द्वारा शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर पूर्ण श्रद्धा, आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ ज्येष्ठ मास चंद्र उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। भगवान झूलेलाल के गगनभेदी जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन हेमराज मल साहब सेवा समिति के तत्वावधान में मंदिर के महंत टेऊं राम भगत के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विभिन्न वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों के साथ भगवान झूलेलाल एवं मातेश्वरी भगवती को समर्पित भजन-कीर्तन से हुआ। महंत टेऊं राम, पप्पू भगत, हेमंत भगत एवं नवीन भगत ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

संस्थाध्यक्ष गुलशन कुमार विधानी ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा सिंधी समाजजनों का सामूहिक अभिनंदन किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष महेश खोतानी के अनुसार पवित्र ज्योत प्रज्वलित कर, पुष्पवर्षा एवं विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर को आकर्षक बंदनवारों एवं पुष्पमालाओं से विशेष रूप से सजाया गया था।

हेमंत भगत, सीमा भगत, नवीन भगत एवं काली भगत द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे। इसके पश्चात समाजजनों ने पारंपरिक छेज खेलकर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती एवं पल्लव अरदास के माध्यम से देश, समाज एवं विश्व की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई। श्रद्धालुओं ने आयो लाल झूलेलाल, बेड़ा ही पारष् एवं ष्सनातन धर्म की जय के गगनभेदी जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में श्रद्धालुओं को ज्येष्ठ मास की पूजा के प्रतीक स्वरूप सिवइयाँ, जामुन, आम, पानीपुरी एवं विभिन्न मौसमी फलों से युक्त हाथ प्रसादी वितरित की गई।

इस अवसर पर नानक राम जेठानी, हीरा लाल गुरनानी, अशोक केवलानी, चीजन दास फतनानी, खेमचंद ठारवानी, वासुदेव मगनानी, चंद्रप्रकाश तलसानी, लेखराज, लाल भगत, भगवती भगत, ताराचंद ओडवानी, पूजा भगत, हर्षा जुरानी, हीरा झुरानी, सरला खोतानी, धरमू भगत, ओमप्रकाश बाबानी, नेहा खोतानी, जितेन्द्र, दिव्या भगत, कोमल चावला, दीपा जेठानी, दिव्या खोतानी, वर्षा सखरानी एवं हर्षिता विधानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।




# ईएसआईसी अधिकारियों से मिलकर इंटक प्रतिनिधिमंडल ने उठाई श्रमिकों की समस्याएं

**भीलवाड़ा की फैक्ट्रियों में विशेष जागरूकता शिविर लगाने का आश्वासन, श्रमिकों को मिलेगी योजनाओं की जानकारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक व्यास के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) उदयपुर मंडल के संयुक्त निदेशक दीपक चौरसिया से मुलाकात कर भीलवाड़ा के औद्योगिक श्रमिकों की इलाज एवं चिकित्सा सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। इंटक जिलाध्यक्ष दीपक व्यास ने संयुक्त निदेशक को बताया कि जानकारी के अभाव और प्रशासनिक जटिलताओं के कारण कई श्रमिक ईएसआई योजना के तहत मिलने वाले संपूर्ण लाभों से वंचित रह जाते हैं। श्रमिकों के हितों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संयुक्त निदेशक दीपक चौरसिया ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि भीलवाड़ा की प्रमुख मिलों और फैक्ट्रियों में जल्द विशेष जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में श्रमिकों को ईएसआईसी की योजनाओं, अधिकारों और उपचार प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस दौरान यूथ इंटक जिलाध्यक्ष भरत सिंह, भैरू सिंह टांक, नंदलाल गाडरी, सावर सिंह रावणा, रामराज मीणा, सुनील पाठक, मदन सिंह टांक, गुलाबपुरा से केसर सिंह तथा सुनील मिश्रा सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# पाश्चात्य संस्कृति छोड़कर जन्मदिन मंदिर या गौशाला में जाकर सेवा-कार्य के साथ मनावे: गोविंद प्रसाद सोडाणी

**बाल संस्कार शिविर का दूसरा दिन, अनुशासन और देशप्रेम के पाठ से महका बच्चों का बचपन**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

बचपन के संस्कार ही जीवन भर का मजबूत आधार बनते हैं। इसी मूलमंत्र के साथ भारत विकास परिषद, महाराणा प्रताप शाखा की ओर से आयोजित पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन बच्चों ने भारतीय संस्कृति, अनुशासन और देशप्रेम का पाठ पढ़ा। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ हुई, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। शिविर के द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगेश आचार्य एवं शाखा सदस्य सीए मुकेश नवाल ने बच्चों को सनातन परंपरा के अनुसार ध्वज प्रणाम की वैज्ञानिक व व्यावहारिक पद्धति की जानकारी दी और इसका सघन अभ्यास करवाया। इस दौरान बच्चों ने पूरे अनुशासन के साथ संघ की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि सीखी। वक्ताओं ने बच्चों को भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा और आगामी गुरु पूर्णिमा पर्व के पावन महत्व से भी अवगत कराया। शिविर में सांस्कृतिक व आध्यात्मिक चेतना जागृत करते हुए शाखा सदस्या मधुबाला यादव ने बच्चों को सर्वे भवन्तु सुखिनः महामंत्र का सस्वर उच्चारण करवाया। इसके बाद बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ देशभक्ति गीत गूंज उठी है हल्दी घाटी एवं प्रेरणास्पद गीत एक कदम दुनिया से आगे लोग वही चलते हैं का गायन किया। गीत-संगीत के बाद बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल सत्र का आयोजन किया गया। इसमें योगेश आचार्य, भव्य प्रताप सिंह यादव एवं मधुबाला यादव के निर्देशन में बच्चों को तीन अलग-अलग समूहों में बांटकर ज्ञानवर्धक और मनोरंजक खेल खिलाए गए। सत्र के मुख्य वक्ता एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बच्चों को जीवन में अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जो बच्चे बचपन से ही माता-पिता, गुरुजनों और बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेते हैं, वे जीवन में हमेशा उन्नति करते हैं। सोडाणी ने बच्चों को पाश्चात्य संस्कृति को छोड़कर अपने घर के सदस्यों का जन्मदिन मंदिर या गौशाला में जाकर सेवा-कार्य के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया, जिस पर बच्चों ने हर्ष के साथ अपनी सहमति जताई। शिविर के दूसरे दिन बच्चों में भारी उत्साह देखा गया और कुल 125 संभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान भगत सिंह शाखा के सचिव मुकेश छीपा एवं कोषाध्यक्ष सावन मालीवाल ने शिविर का विशेष अवलोकन कर व्यवस्थाओं की सराहना की। सत्र के समापन पर सभी बच्चों को सामूहिक ॐ उच्चारण करवाकर उपहार वितरित किए गए। इस अवसर पर शाखा के प्रेम नारायण मिश्रा, सतीश बोहरा, विजय भारती कपूर, उमा मिश्रा, निशा सैकड़ा, मोहिनी अग्रवाल, साधना गौतम, निर्मला नवाल, रेखा राठौड़, रंजना शर्मा, कृष्णा अग्रवाल सहित कई सदस्य व्यवस्थाओं को संभालने में मुस्तैद रहे।



# महिला अधिकारिता विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर, योजनाओं की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बुधवार को ग्राम मोड का निम्बेहेड़ा में 'जागरूकता से बदली सोच' विषय पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला अधिकारों और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, महिला हेल्पलाइन-181, वन स्टॉप सेंटर, पंचायत सुरक्षा एवं संरक्षण केंद्र तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थी दुर्गा सिंह चौहान को पुत्री जन्म पर 2,500 रुपये का प्रोत्साहन चेक प्रदान किया गया। शिविर में मौजूद महिलाओं ने सरकारी योजनाओं एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी मिलने पर संतोष व्यक्त करते हुए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। इस अवसर पर तहसीलदार, सरपंच, महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पर्यवेक्षक हेमलता मौर्य, पन्नाधाय सुरक्षा एवं संरक्षण केंद्र की विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की लीगल काउंसलर अनिता साहू, ग्राम साथिन ऊषा पारीक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।



## राष्ट्रीय कुश्ती में माया ने जीता कांस्य, अंजलि का राजस्थान पुलिस में चयन

**केसरी नंदन व्यायामशाला की बेटियों ने बढ़ाया भीलवाड़ा का मान**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

केसरी नंदन व्यायामशाला की दो महिला पहलवानों ने शानदार उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। माया ने राष्ट्रीय अंडर-23 सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर राजस्थान को गौरवान्वित किया, जबकि राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान अंजलि साहू का खेल कोटे से राजस्थान पुलिस में चयन हुआ है। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट ने बताया कि हरियाणा के रोहतक स्थित एमडीयू खेल परिसर में 10 से 12 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय अंडर-23 सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में माया ने 72 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया कि व्यायामशाला की पहलवान अंजलि साहू ने भी खेल कोटे से राजस्थान पुलिस में चयनित होकर सरकारी सेवा में स्थान बनाया है। इससे पूर्व व्यायामशाला की खिलाड़ी मनीषा माली का भी भारतीय सेना में स्पोर्ट्स कोटे से चयन हो चुका है।

इस उपलब्धि पर राजस्थान कुश्ती संघ के प्रधान राजीव दत्ता एवं महासचिव उम्मेद सिंह झांझरिया ने दोनों खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं व्यायामशाला के संरक्षक राधेश्याम बहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट, नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, सचिव अरुण शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश पांडे, जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत सहित खेल प्रेमियों और गणमान्य लोगों ने दोनों पहलवानों एवं प्रशिक्षक जगदीश जाट को बधाई दी।

## गौशाला में वृक्षारोपण, स्थानांतरित अधिकारियों का नागरिक अभिनंदन



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

गौ तीर्थ द्वारिकाधीश सामुदायिक गौशाला में बुधवार को वृक्षारोपण एवं नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम 15 जुलाई 2020 को तत्कालीन एसडीएम त्रिलोकचंद मीणा द्वारा किए गए वृक्षारोपण की छठी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। इस दौरान पुलिस, प्रशासन और आमजन ने मिलकर जामुन, नीम, लेसवा व गुलाब के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में तहसीलदार शैतान सिंह मीणा, नायब तहसीलदार कैलाशचंद्र मीणा, थाना प्रभारी सीआई नरेश कुमार शर्मा तथा स्थानांतरित एएसआई इंदरराज मीणा ने पौधारोपण किया। साथ ही स्थानांतरित तहसीलदार शैतान सिंह मीणा, कैलाशचंद्र मीणा एवं एएसआई इंदरराज मीणा का नागरिक अभिनंदन कर स्मृति चिन्ह स्वरूप गौ माता की तस्वीर भेंट की गई, जबकि नवपदस्थ थाना प्रभारी सीआई नरेश कुमार शर्मा का स्वागत किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रत्याशी कन्हैयालाल ओस्तवाल रहे तथा अध्यक्षता गौशाला व्यवस्थापक ठाकुर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी ने की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि गौशालाएं केवल गौसेवा का केंद्र नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता की भी प्रेरणा स्थली हैं। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का जोधपुरी साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

# नए थाना प्रभारी के रूप में सीआई ओम प्रकाश कासनियां ने संभाली कमान, प्रभावी पुलिसिंग और जनविश्वास बढ़ाने पर रहेगा जोर

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

**परमेश्वर**



भीलवाड़ा जिले में पुलिस विभाग के हालिया प्रशासनिक फेरबदल के तहत बनेड़ा थाना को नया नेतृत्व मिला है। शंभूगढ़ थाना से स्थानांतरित होकर आए सीआई ओम प्रकाश कासनियां ने बुधवार को बनेड़ा थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने थाना परिसर में मौजूद अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त किया और क्षेत्र की कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली।

पदभार ग्रहण करने के बाद सीआई ओम प्रकाश ने थाना स्टाफ की बैठक आयोजित कर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, लंबित प्रकरणों, संवेदनशील स्थानों और नियमित पुलिस व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन के साथ संवेदनशील एवं सकारात्मक व्यवहार रखा जाए।

उन्होंने कहा कि बनेड़ा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जाएगा। पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए टीम भावना के साथ कार्य किया जाएगा तथा क्षेत्र में नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाई जाएगी।

सीआई ओम प्रकाश ने कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है, जब पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय एवं विश्वास हो। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्व या अपराध से संबंधित सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस और जनता के सहयोग से बनेड़ा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण को और अधिक मजबूत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने थाना स्टाफ से पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए आमजन का विश्वास जीतने का आह्वान किया।

# 21 सरकारी नौकरियों में चयनित राजेश माली ने सीबीईओ बनेड़ा में आरपी पद संभाला, शिक्षा और युवाओं में नई उम्मीद

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।

**परमेश्वर**



दृढ़ संकल्प, मेहनत और निरंतर प्रयास का दूसरा नाम बन चुके राजेश माली ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) कार्यालय, बनेड़ा में रिसोर्स पर्सन (ऋक्क) के पद पर कार्यग्रहण किया। उनके कार्यभार संभालते ही बनेड़ा क्षेत्र के शिक्षकों, विद्यार्थियों, ग्रामीणों और युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

राजेश माली इससे पहले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बदनोर में व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे चुके हैं तथा पिछले दो वर्षों से कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभव और समर्पण से क्षेत्रवासियों को विश्वास है कि बनेड़ा की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति मिलेगी। राजेश माली की सफलता केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। उनका 21 सरकारी नौकरियों में चयन होना युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने यह साबित किया है कि लगातार मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच से बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है।

शिक्षा के साथ-साथ वे श्री झालरा महादेव व्यायामशाला से भी लंबे समय से जुड़े रहे हैं। उनके आरपी बनने पर व्यायामशाला के पहलवानों में भी उत्साह का माहौल है, क्योंकि वे लंबे समय से उनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण का इंतजार कर रहे थे।

कार्यग्रहण के अवसर पर राजाधिराज गोपाल चरण सिंह सिसोदिया, जिला परिषद केशियर भैरु लाल माली,सरपंच सम्पत माली, श्री झालरा महादेव व्यायामशाला के उस्ताद ओम प्रकाश खोईवाल, शिक्षक संघ के भगवान सिंह पड़िहार, वनपाल सुरेश माली, शंकर माली, चन्द्र प्रकाश माली, उपसरपंच देवीलाल माली सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने राजेश माली का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। राजेश माली ने इस अवसर पर कहा कि वे शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर परिणाम देने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय श्री झालरा महादेव के आशीर्वाद, गुरुजनों, परिवार और सभी शुभचिंतकों के सहयोग को दिया।

# हुरड़ा ब्लॉक के निजी स्कूल रहें बंद, दमनकारी नीतियों के खिलाफ सौंपा गया ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा ।



सरकार की गैर-सरकारी स्कूलों के प्रति कथित दमनकारी नीतियों, प्रताड़ना और आरटीई भुगतान से जुड़ी गंभीर समस्याओं के विरोध में भीलवाड़ा जिला निजी शिक्षण संस्थान द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक बंद का आह्वान किया गया और इस आंदोलन के तहत बुधवार को हुरड़ा ब्लॉक के समस्त निजी शिक्षण संस्थान पूर्णतः बंद रहे ।

निजी शिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य में गैर-सरकारी विद्यालयों का सामाजिक और शैक्षिक योगदान उल्लेखनीय होने के बावजूद विभाग और सरकार द्वारा लगातार भेदभावपूर्ण नीतियां अपनाई जा रही हैं। शाला संबल के नाम पर निजी शिक्षण संस्थानों को परेशान करने की नीति बनाई जा रही है,

आरटीई के तहत मिलने वाले भुगतान को नियमों और अनौपचारिक पाबंदियों के नाम पर रोका जा रहा है, जिससे स्कूलों का वित्तीय संचालन पूरी तरह ठप होने की कगार पर है।

इसके विरोध में हुरड़ा ब्लॉक के समस्त निजी विद्यालय बंद रहे और प्रातः 11 बजे सभी संचालक अच्छी संख्या में उपस्थित होकर पहले स्ष्ठरू कार्यालय गुलाबपुरा में , स्ष्ठरू दिव्यराज सिंह चुण्डावत को एवं बाद में, सीबीईओ ऑफिस हुरड़ा में, ्रष्ठक्चश्वह्र शंभु सेन को निदेशक शिक्षा विभाग बीकानेर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। आंदोलन के तहत निजी स्कूलों की प्रमुख मांगों में शिक्षा संबलन निरीक्षण व्यवस्था को तुरंत निरस्त करने, बिना नो-ड्यूज सर्टिफिकेट के अन्य स्कूलों द्वारा सीधे टीसी जारी करने की बाध्यता हटाने और आरटीई के अंतर्गत प्री-प्राइमरी कक्षाओं का बकाया भुगतान तुरंत शुरू करने की मांग शामिल की गई।

इसके अलावा किसी एक कक्षा में नॉन-आरटीई छात्र न होने पर पूरे स्कूल का भुगतान रोकने के नियम को बदलने, कोविड काल में ऑफलाइन शिक्षण कार्य कराने वाले स्कूलों का बिना शर्त भुगतान जारी करने, दोहरे नामांकन व बार-बार जांच के नाम पर प्रताड़ना रोकने, आरटीई यूनिट कॉस्ट में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि का स्टैंडिंग ऑर्डर जारी करने तथा आरटीई छात्रों की पाठ्यपुस्तकों की राशि सीधे खातों में भेजने की मांग की गई है।

ब्लॉक अध्यक्ष सांवरलाल बैरवा, सचिव विवेक सिंह, मुख्य संरक्षक जगदीश शर्मा सहित समस्त निजी विद्यालय संचालकों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 10 दिनों में इन जायज मांगों का बिना किसी शर्त के निस्तारण नहीं किया गया, तो हुरड़ा ब्लॉक के सभी गैर-सरकारी विद्यालय , प्रदेश भर के समस्त निजी शिक्षण संस्थानों के साथ एक बड़े और व्यापक आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग और राज्य सरकार की होगी।

# राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) शाखा सावर ने नवनियुक्त अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का किया भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**दिलखुश**



राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) शाखा सावर द्वारा बुधवार को नवनियुक्त अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सावर गणपत लाल मीना का फूल-मालाओं से अभिनंदन एवं साफा बंधवाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने उन्हें अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की।

स्वागत समारोह में संघ के संरक्षक चांदमल खटीक, रामसिंह मीना, रामराज साहू, लेखराज मीणा, हर्षवर्धन सिंह (मेहरूखुर्द), पुष्पेन्द्र, नित्यानंद, दिनेश, दीपक, पंकज, मस्तराम मीणा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### बनेड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



**-परमेश्वर**

राजस्थान आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर बनेड़ा परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं एकत्रित हुईं और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि आंगनबाड़ी कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को राज्य सरकार के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार और प्रशासन की उदासीनता के कारण उन्हें चरणबद्ध आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने मांग की कि उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए। साथ ही कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय बढ़ाकर 28,000 रुपये तथा सहायिकाओं का वेतन 25,000 रुपये किया जाए। इसके अलावा सेवानिवृत्ति के समय 10 लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने की भी मांग रखी गई।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि पांच वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाली कार्यकर्ताओं को महिला पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नति दी जाए। मासिक रिपोर्ट पर केवल कार्यकर्ता एवं महिला पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर को ही मान्य किया जाए तथा निर्धारित छह विभागों के अतिरिक्त अन्य विभागों के गैर-आंगनबाड़ी कार्य नहीं कराए जाएं।

आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन को और तेज करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार और प्रशासन की होगी।

### डोडा चूरा मुआवजे की मांग पर अड़े किसान, बिना मुआवजे नष्टीकरण से किया इनकार

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



**(रोशन)**

मांडलगढ़ तहसील के सराणा में आबकारी विभाग द्वारा आयोजित डोडा चूरा नष्टीकरण शिविर में अफीम किसानों ने मुआवजे के बिना डोडा चूरा नष्टीकरण कराने से साफ इनकार कर दिया। किसानों ने कहा कि जब तक उचित मुआवजा नहीं दिया जाता, तब तक नष्टीकरण नहीं होने दिया जाएगा।

शिविर में सराणा, सोपुरा जाटों का , धामणघट्टी, बरूंदनी, देबीपुरा, नयागांव (सराणा), खाचरोल, जापरपुरा, गोवटा, मानगंज, जगपुरा, श्यामगढ़, फूलजी की खेड़ी, गोविंदपुरा, लाडपुरा, बल्दरखा, फलासिया, कालीखोल और हिंगोनिया सहित कई गांवों के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

इस दौरान भारतीय किसान संघ के प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, जिला प्रचार प्रमुख श्यामलाल सुथार, तहसील अध्यक्ष लालाराम गुर्जर, तहसील मंत्री धनराज कुमावत सहित रामेश्वर जाट, हरिलाल जाट, जगदीश जाट, बालू धाकड़, सांवरमल जाट, गोपाल धाकड़ एवं भारतीय किसान संघ मांडलगढ़ तहसील के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि कुछ दिन पूर्व मांडलगढ़ एवं कोटड़ी उपखंड अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर डोडा चूरा का उचित मुआवजा देने की मांग की गई थी। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा और वे बिना मुआवजे डोडा चूरा का नष्टीकरण नहीं होने देंगे।

### आरटीई बकाया भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




**दिलखुश**

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लॉक सावर के तत्वावधान एवं ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा सिंह यादव के नेतृत्व में कस्बे सहित पूरे ब्लॉक के निजी विद्यालय संचालकों ने बुधवार को विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां बंद रखकर रैली निकाली और उपखंड अधिकारी प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा शिक्षा निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन के प्रवक्ता मनजीत कुमार सेन ने बताया कि ज्ञापन में निजी विद्यालयों का आरटीई का बकाया भुगतान शीघ्र जारी करने, मासिक निरीक्षण के नए नियमों के नाम पर शिक्षा तंत्र में 'इंस्पेक्टर राज' लागू नहीं करने तथा निजी विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

इस अवसर पर संगठन महासचिव गुरविंदर सिंह मीणा, सचिव किशन सिंह हाड़ा, संगठन मंत्री भागचंद माली, प्रधानाध्यापिका हेमलता जैन, चंद्रकला सेन, राजेश शर्मा, कपिल वैष्णव, कमलजीत सिंह राठौड़, शांतिलाल जैन, यशवंत व्यास, ऋषभ शर्मा सहित सैकड़ों विद्यालय संचालक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।